संघ लोक सेवा आयोग

नोटिस

राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एवं नौसेना अकादमी परीक्षा (I), 2021

संघ लोक सेवा आयोग दिनांक **18 अप्रैल, 2021 (रविवार)** को देशभर के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों/स्थलों पर राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एवं नौसेना अकादमी परीक्षा (I), 2021 का आयोजन करेगा। प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों की सुविधा के लिए आयोग ने ई-प्रवेश पत्र अपनी वेबसाइट (**https://upsconline.nic.in**) पर अपलोड किए हैं। **प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे उक्त परीक्षा के लिए अपना ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें और उसका प्रिंटआउट ले लें। प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों को उन्हें आबंटित परीक्षा-स्थल पर परीक्षा देने के लिए अपने ई-प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट तथा इस प्रवेश पत्र पर यथाउल्लिखित फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा।**

यदि ई-प्रवेश पत्र पर फोटो स्पष्ट नहीं है या उपलब्ध नहीं है तो उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे **दो (2) समरूप फोटोग्राफ (प्रत्येक सत्र के लिए एक-एक फोटो)** अपने साथ लाएं। **इस परीक्षा के लिए आयोग द्वारा कागजी प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा।** ई-प्रवेश पत्र में किसी प्रकार की विसंगति के मामले में, **आयोग** को तत्काल ई-मेल आईडी usnda-upsc@nic.in के माध्यम से अधिक से अधिक **9 अप्रैल, 2021** तक सूचित किया जाए, ताकि ऐसे मामलों में निर्णय लिया जा सके।

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि अंतिम समय की हड़बड़ी से बचने के लिए पर्याप्त समय रहते ही ई-प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट निकाल लें और "उम्मीदवारों हेतु महत्वपूर्ण अनुदेश" को भी ध्यानपूर्वक पढ़ लें।

यह भी नोट कर लिया जाए कि परीक्षा-स्थल पर प्रवेश, परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय से 10 मिनट पहले, अर्थात् पूर्वाह्न सत्र के लिए प्रात: 09:50 बजे तथा अपराह्न सत्र के लिए अपराह्न 01:50 बजे बंद कर दिया जाएगा। प्रवेश बंद होने के बाद किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा-स्थल पर प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

2/-

उम्मीदवारों को यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि उन्हें उनके ई-प्रवेश पत्र में उल्लिखित परीक्षा-स्थल के अलावा किसी अन्य परीक्षा-स्थल पर परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

उम्मीदवारों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे अपने साथ **काला बॉल पॉइंट पेन** लेकर आएं क्योंकि उम्मीदवारों द्वारा उपस्थिति सूची और ओएमआर उत्तर पत्रक **केवल काले बॉल पॉइंट पेन से** ही भरे जाने हैं।

इस परीक्षा के प्रश्न-पत्रों में पूछे गए प्रश्नों से संबंधित अभ्यावेदन, यदि कोई हो, उम्मीदवारों द्वारा, इस परीक्षा के आयोजन की तारीख से सात (07) दिन की अवधि के भीतर केवल "ऑनलाइन प्रश्न-पत्र अभ्यावेदन पोर्टल" ["Online Question Paper Representation Portal (QPRep)"] के यूआरएल **https://upsconline.nic.in/miscellaneous/QPRep/** के माध्यम से ही प्रस्तुत किया जा सकता है। आयोग द्वारा किसी अन्य माध्यम से तथा उक्त अवधि के बाद प्राप्त कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

मोबाइल फोन (यहां तक कि स्विच ऑफ मोड में भी), पेजर या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अथवा प्रोग्राम किए जाने योग्य डिवाइस अथवा पेन ड्राइव, स्मार्ट वॉच जैसा कोई स्टोरेज मीडिया आदि अथवा कैमरा अथवा ब्लूटूथ उपकरण अथवा कोई अन्य उपकरण अथवा संबंधित एक्सेसरीज चालू अथवा स्विच ऑफ मोड में, जिनका परीक्षा के दौरान संचार उपकरण के रूप में प्रयोग किया जा सकता है, परीक्षा भवन में प्रतिबंधित हैं। इन अनुदेशों का किसी प्रकार से उल्लंघन किए जाने पर संबंधित उम्मीदवार के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें भविष्य की परीक्षाओं/ चयन से विवर्जन भी शामिल है।

कीमती/महंगे सामान तथा बैग भी परीक्षा स्थल पर लाने की अनुमति नहीं है।

संघ लोक सेवा आयोग

नई दिल्ली-110069 - 26 मार्च, 2021/ 06 चैत्र, शक 1943